कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी, कबीरधाम

क्रमांक /4101/पीएमश्री/अंशकालिक/योग प्रशि./2026

कबीरधाम दिनांक 15.06.2025

विज्ञापन

राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा, छत्तीसगढ़ रायपुर का पत्र क्रमांक/823/समग्र शिक्षा/पीएमश्री/2026 रायपुर दिनांक 05.06.2026 के निर्देशानुसार कबीरधाम जिले में संचालित पीएमश्री विद्यालयों में कुल 11 पद अंशकालीन योग प्रशिक्षक/खेल शिक्षक/प्रशिक्षकों की सेवाएं लिये जाने हेतु दिनांक 16.06.2026 से 25.06.2026 समय शाम 5.00 बजे तक निर्धारित आवदेन पत्र के साथ शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र एवं अन्य दस्तावेज स्वप्रमाणित संलग्न कर स्पीड पोस्ट/पंजीकृत डाक के माध्यम से निर्धारित तिथि तक कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी, कबीरधाम में जमा आवेदन स्वीकार किये जावेगे। सीधे आवेदन स्वीकार नही किया जावेगा। अंतिम तिथि के बाद प्राप्त आवेदनों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा ।

विज्ञापित पद का विवरण :—

क्र	विद्यालय का नाम	योग शिक्षक/खेल शिक्षक की विज्ञापित पद संख्या	प्रति माह मानदेय राशि
1	पीएमश्री शास.प्राथ.शाला शंकरनगर कवर्धा	1	10000/—
2	पीएमश्री शास.प्राथ. शाला पथर्रा	1	10000/—
3	पीएमश्री शास.प्राथ.शाला खोलवा	1	10000/—
4	पीएमश्री शास.प्राथ.शाला जंगलपुर	1	10000/—
5	एकलव्य मॉडल आवासीय हा.से. विद्यालय तरेगांव जंगल	1	10000/—
6	पीएमश्री स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय बोड़ला	1	10000/—
7	पीएमश्री स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय पंडरिया	1	10000/—
8	पीएमश्री स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय पिपरिया	1	10000/—
9	पीएमश्री स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय स.लोहारा	1	10000/—
10	पीएमश्री स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय पोडी	1	10000/—
11	पीएमश्री स्वामी आत्मानंद हिन्दी माध्यम विद्यालय कवर्धा	1	10000/—

नियम एवं शर्ते :—

1. कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी, कबीरधाम के आवक/जावक कक्ष में स्पीड पोस्ट/पंजीकृत डाक के माध्यम से जमा आवेदन स्वीकार किये जाएगें सीधे आवेदन स्वीकार नही किया जावेगा।
2. छ.ग. राज्य के मूल निवासी आवेदक ही चयन के लिए पात्र होंगे।
3. योग/खेल शिक्षक/प्रशिक्षक का न्यूनतम योग्यता स्नातक शारीरिक शिक्षा डिग्री एवं योग शिक्षा संबंधित क्षेत्र में स्नातक की डिग्री वाले शिक्षकों/प्रशिक्षकों की सेवाएं लिया जाना है। संबंधित क्षेत्र में कार्य करने का अनुभवी को प्राथमिकता दिया जावेगा।
4. अंशकालिक योग/खेल शिक्षक/प्रशिक्षकों का चयन इसी शैक्षणिक सत्र (31 मार्च 2027 तक) ही रहेगा। इसके बाद सेवाएं स्वतः समाप्त माना जावेगा।
5. प्रशिक्षकों का किसी भी प्रकार नियुक्ति/संविदा नियुक्ति का आदेश जारी नही किया जावेगा। केवल कार्य करने हेतु कार्यादेश जारी किया जावेगा।
6. विषय—वस्तु विशेषज्ञ के आमने—सामने साक्षात्कार लिया जावेगा।
7. सेवा प्रदत्त योग/खेल शिक्षक/प्रशिक्षको को एकमुश्त अधिकतम मानदेय प्रतिमाह 10,000 /— (दस हजार) रूपये देय होगा।
8. सेवा प्रदत्त द्वारा पीएमश्री विद्यालयों में बच्चों को योग/खेलों की प्रति जागरूकता एवं प्रशिक्षण प्रदान करेगें।

SAGES Yogi

Scanned with OKEN Scanner

अपूर्ण एवं त्रुटि पूर्ण आवेदन मान्य नहीं किये जावेगें। अमान्य आवेदनों के संबंध में पृथक से सूचना नहीं दी जावेगी।

आवेदक की उम्र 01 जनवरी 2026 को न्यूनतम 21 वर्ष एवं अधिकतम 50 वर्ष होना चाहिए आयु की गणना दिनांक 01 जनवरी 2026 की स्थिति में की जावेगी। उम्र की पुष्टि हेतु 10वीं की अंकसूची प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। आयु सीमा में सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा समय–सीमा पर जारी छूट संबंधी आदेश/निर्देश अंशकालीन नियुक्ति के लिये भी लागू होंगे ।

चयन की प्रक्रिया मेरिट आधार पर किया जायेगा। मेरिट 10वीं में 20% 12वी 30% एवं स्नातक 50% लिया जायेगा।

2 आवेदक आवेदन पत्र का प्रारूप जिले के वेबसाईट kawardha.gov.in से डाउनलोड कर सकते है।

विशेष :– अद्यतन जानकारी के लिए जिले की वेबसाईट kawardha.gov.in का नियमित अवलोकन करते रहें ।

जिला शिक्षा अधिकारी
कबीरधाम

SAGES Yogi

Scanned with OKEN Scanner